<u>पत्र सूचना शाखा</u>

<u>सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0</u>

राज्यपाल ने सीएनबीसी आवाज द्वारा आयोजित 'अवध कान्क्लेव' में सम्मानित किया

लखनऊः 27 दिसम्बर, 2014

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज होटल ताज, लखनऊ में सीएनबीसी आवाज समाचार चैनल द्वारा आयोजित अवध कान्क्लेव में खेल, संस्कृति, अवस्थापना एवं उद्यम में उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्रदेश के चुनिंदा लोगों को सम्मानित किया। समारोह में नंदी एग्रो इनिशिएटिव प्रा0 लि0 के श्री नंदगोपाल गुप्ता, विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल के श्री अभिषेक तिवारी, कंछल गुरप के श्री अमित कंछल, पास माई आर्डर डाट काम के श्री आर0पी0 मिश्रा, कुंवर एजुकेशनल फाउण्डेशन के श्री राजेश सिंह, तुलसीयानी कंसट्रक्शन एण्ड डेवलेपमेंट के श्री अनिल तुलसीयानी तथा सीएनबीसी के श्री अम्बुज पाण्डेय को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

राज्यपाल ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि योग्य व्यक्ति को ढूंढकर सम्मानित करना प्रशंसा की बात है। लीक से हटकर ऐसा कार्यक्रम किया जाना जिसमें समाज के अच्छे लोगों को सम्मानित किया गया है उससे अवश्य एक अच्छा संदेश जायेगा। वास्तव में यह नयी दिशा देने वाला कार्यक्रम है जिससे नये लोग भी प्रेरणा प्राप्त करके देश एवं प्रदेश के विकास में सहयोग देने के लिए आगे आयेंगे। उन्होंने कहा कि अच्छा काम करने के इच्छा रखने वालों के लिए उचित वातावरण भी मिलना चाहिए जिससे वे श्रेष्ठ करने के जुनून को आगे बढ़ायें।

श्री नाईक ने कहा कि समाचार समूह की ओर से ऐसा कार्यक्रम निश्चय ही एक अच्छी पहल है। आजादी से पूर्व मदन मोहन मालवीय, महात्मा गांधी एवं बाल गंगाधर तिलक भी पत्रकार थे। उनके विचार जानने के लिए लोग समाचार पत्र व अग्रलेख पढ़ते थे। हमें विचार करना होगा कि स्वराज को सुराज में कैसे बदले। उन्होंने कहा कि ज्ञान और जानकारी देना वास्तव में मीडिया के लिए चुनौतीपूर्ण कार्य है।

सम्मान समारोह से पूर्व टीवी 18 द्वारा एक परिचर्चा का भी आयोजन किया गया था।

CNBC
आवाज़
TV 18

CNBC
आवाज़

TV18
AVADH
CONCLAVE